JALAUN POLICE

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना डकोर पुलिस द्वारा राह भटके व्यक्ति को परिजनो से मिलाया

दिनांक 13.05.2026 को थाना डकोर की गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत रामजनकी मन्दिर ग्राम कहटा में एक मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति मिला। मिशन शक्ति टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को सकुशल ससम्मान थाना डकोर पर लाकर उपरोक्त व्यक्ति के जनपद कौशाम्बी के कई थानों से जरिये दूरभाष सम्पर्क कर उपरोक्त व्यक्ति की पहचान कराकर सही नाम पता की जानकरी की गयी। उक्त व्यक्ति के परिजनों से सम्पर्क कर पहचान करायी गयी तो परिजनों द्वारा बताया कि उपरोक्त व्यक्ति मानसिक रूप से कमजोर है तथा 15 वर्ष पूर्व घर से बिना बताये कही चला गया था जिसके सम्बन्ध में हमने थाने पर कोई रिपोर्ट नहीं लिखवायी थी। उक्त व्यक्ति के परिजन थाना डकोर पर उपस्थित आये। थाना डकोर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया। परिजनो द्वारा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।